BHADOHI POLICE

प्रेस विज्ञप्ति

जनपद भदोही **दिनांक 14.02.2025**

◆पीआरवी पुलिसकर्मियों की तत्परता व बहादुरी से बची युवक की जान

◆नशे की हालत में अंदर से बंद कमरे में फांसी पर लटके युवक की जान बचाने के लिए पुलिसकर्मियों ने दरवाजा तोड़कर सही समय पर दिया सीपीआर

◆पुलिसकर्मियों द्वारा की गई मानवतापूर्ण कार्यवाही की परिजनों ने की भूरि-भूरि प्रशंसा

◆पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पुलिसकर्मियों की तत्परतापूर्वक कार्यवाही व बहादुरी की, की गई प्रशंसा, नगद रिवार्ड प्रदान कर किया गया सम्मानित

दिनांक 13.02.2025 को थाना भदोही क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छेड़ीवीर निवासी रवि उर्फ प्रदुम पुत्र रामलखन उम्र करीब 21 वर्ष शराब के नशे में अपने घर में अंदर से कमरा बंद करके साड़ी के फंदे से पंखे पर फांसी लगाकर लटक गया। सूचना पर पीआरवी-6242 पुलिसकर्मियों द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर कमरे का दरवाजा तोड़कर युवक को फंदे से उतारा गया। पुलिसकर्मियों द्वारा तत्परतापूर्वक युवक को सी.पी.आर. देते हुए एम.बी.एस. अस्पताल भदोही में एडमिट कराकर उसकी जान बचाई गई, जहां उसका ईलाज चल रहा है।

श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पुलिसकर्मियों की तत्परतापूर्वक कार्यवाही व बहादुरी की प्रशंसा की गई। पुलिस कर्मियों को नगद रिवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

पीआरवी पर ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों का विवरण-

1.आरक्षी अश्विन कुमार चौधरी

2.महिला आरक्षी पूनम पाल

3.महिला आरक्षी अनुराधा वर्मा

4.आरक्षी चालक चंद्रबली मौर्य